INDIAN SCHOOL SOHAR **SET -1**

FORMATIVE ASSESSMENT -1 (2015-16)

कक्षा ः 10 **विषय ः हिन्दी (पाठ्यक्रम ब)** **पूर्णांक ः 20**

दिनांक ः 13 -05-2015 **समय ः 40 मिनट**

निर्देश ः

1 इस प्रश्नपत्र में कुल **9** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

3 प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रम से लिखिए।

प्रश्न - 1 अपठित काव्यांश ः **4**

तुम मनुष्य हो, अमित बुदधि–बल–बिलसित जन्म तुम्हारा।
क्या उद्‌देश्य–रहित हो जग में, तुमने कभी विचारा ?
बुरा न मानो, एक बार सोचो तुम अपने मन में।
क्या कर्त्तव्य समाप्त कर लिया तुमने निज जीवन में ?

जिस पर गिरकर उदर–दरी से तुमने जनम लिया है।
जिसका खाकर अन्न, सुधा–सम नीर, समीर पिया है।
वह स्नेह की मूर्ति दयामयि माता तुल्य मही है।
उसके प्रति कर्त्तव्य तुम्हारा क्या कुछ शेष नहीं है ?

केवल अपने लिए सोचते, मौज भरे गाते हो।
पीते, खाते, सोते, जगते, हँसते, सुख पाते हो।
जग से दूर स्वार्थ–साधन ही सतत तुम्हारा यश है।
सोचो, तुम्हीं कौन अग–जग में तुम–सा स्वार्थ विवश है ?

ऊपर दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न - क) मनुष्य को स्वार्थी क्यों बताया गया है ?

प्रश्न - ख) उपर्युक्त काव्यांश के संदेश को अपने शब्दों में लिखिये।

प्रश्न - ग) 'धरती' के लिए प्रस्तुत पंक्तियों में किस शब्द का प्रयोग किया गया है ?

प्रश्न - घ) आज के मनुष्य के लिए यश से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न -2 नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित पदों के भेद लिखिए । **1**

i) <u>बनारसी</u> सड़ियाँ विश्वभर में प्रसिद्ध हैं।

ii) राजू <u>प्रतिदिन</u> अभ्यास करता है।

प्रश्न - 3 अविकारी पदों के नाम उदाहरण सहित लिखिए। **1**

प्रश्न - 4 निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग करके अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए ः **1**

जिगर के टुकड़े-टुकड़े होना

प्रश्न - 5 उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके खाली स्थान भरो ः **1**

जब तक मनुष्य पर जिम्मेदारी नहीं आती तब तक उसे................................नहीं चलता।

प्रश्न - 6 जीवन की समझ के बारे में बड़े भाई साहब ने किस कारक को महत्त्वपूर्ण माना ? इस संदर्भ में यथोचित उदाहरण भी दीजिए। **3**

प्रश्न - 7 बड़े भाई साहब ने छोटे भाई के प्रथम आने को किसके समान बताया और क्यों ?बड़े भाई साहब पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **3**

प्रश्न - 8 कबीरदास जी ने किसके सामीप्य को शुभ व लाभदायक बताया है ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **3**

प्रश्न - 9 मानव द्वारा परेशान हुए वृक्ष तथा जानवर के बीच हुए काल्पनिक संवाद को प्रस्तुत कीजिए। **3**

....